तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	जारी तामिल नम्बर/दिनांक
11/11/20	पत्रावली प्रस्तुत । वकील पक्षकारान उपस्थित । वकील पक्षकारान द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 7 नियम 11 सी.पी.सी. पर बहस की गई,	

बहस में उठाए गए बिन्दुओं पर मनन किया गया एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया।

वादी ने इकरारनामा दिनांक 02.07.98 के आधारपर प्रश्नगत कृषि भूमि के कब्जाकाश्त में अप्रार्थीगण/प्रतिवादीगण की दखलन्दाजी को निवारित करने के लिए व्यादेश चाहा है।

प्रश्नगत भूमि राजस्व रिकॉर्ड में बिलॉरी पुत्री मंगनुराम के नाम से दर्ज है। अत: प्रमाणित है कि वादी प्रश्नगत भूमि का रिकॉर्डेड टिनेन्ट नहीं है।

इकरारनामा किन्हीं दो पार्टियों के मध्य का समझौता है और उस समझौते की तब तक कोई विधिक वैधता नहीं है, जब तक कि उस समझौतानुरूप बैयनामा पंजीकृत नहीं हो जाए अथवा संबंधित पक्ष द्वारा सक्षम न्यायालय के समक्ष वाद दायर कर विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत अनुतोष प्राप्त न कर लिया जावे। वस्तुत: इकरारनामे को किसी भी सम्पत्ति के अन्तरण का दस्तावेज नहीं माना जा सकता। हस्तगत वाद में सम्पत्ति का अन्तरण ही नहीं हुआ तो चाहा गया अनुतोष प्रदान करने पर विचारण करना औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता।

इकरारनामे के संबंध में अनुपालना बाबत किसी भी प्रकार का

Signature Not Verified
Digitally signed by Pawan Kumar
Date: 2020.11.22 10:57:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	जारी ता... कर नम्बर/दिनांक

करने में भी इस न्यायालय का कोई क्षेत्राधिकार नहीं है।

अतः वादी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में न होने, चाहा गया अनुतोष इकरारनामे की विनिर्दिष्ट अनुपालना से संबंध होने एवं उक्त अनुतोष दिया जाना न्यायालय के क्षेत्राधिकार में न होने के कारण न्यायालय की राय में इस वाद का विचारण करना विधिसम्मत नहीं है।

फलतः उपर्युक्त प्रेक्षणों के आलोक में हस्तगत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 7 नियम 11 एवं धारा 151 सीपीसी. एतद्द्वारा स्वीकार किया जाता है एवं हस्तगत वाद खारिज किया जाता है।

फैसला खुले न्यायालय में सुनाया गया।

पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

11.11.20

Signature Not Verified
Digitally signed by Pawan Kumar
Date: 2020.11.22 10:57:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner